जोधपुर, मंगलवार 02 जुलाई, 2024 |

City भास्कर

वरुण भारती उमावि में नए सत्र का शुभारंभ

जोधपुर| वरुण शिक्षण संस्थान के अंतर्गत वरुण पब्लिक सीसै स्कूल एवं वरुण भारती उमावि चौहाबो सेक्टर 12 में सत्र 2024-25 के नए सत्र का शुभारंभ किया गया। स्कूलों के प्रवेश द्वार को गुब्बारों से सजाया गया। प्राचार्य एमएस राणावत एवं उप प्राचार्या अनिता जैन ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। बच्चों से कार्टून कैरेक्टर डोरेमॉन एवं छोटा भीम ने हाथ मिलाकर रोमांच भर दिया। बच्चों का कुमकुम, मौली एवं मिश्री से मुंह मीठा करवाया गया। विद्यालय के फाउंडर मैनेजर लखनलाल अरोड़ा ने बच्चों को नए सत्र की शुभकामना दी।